संख्या-08/2017/5257/71-2-16-जी0एन0-02/2014

प्रेषक,

डा0 अनिता भटनागर जैन,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
ग्रेटर नोएडा।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 01 फरवरी, 2017

विषय- वित्तीय वर्ष 2016-17 में संस्थान के कार्मिकों के वेतन एवं अन्य आवश्यक व्ययों के वहन हेतु वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक संख्या-जी0आई0एम0एस0/2016/54 एवं 55, दिनांक 26-12-2016 के संदर्भ में तथा शासनादेश संख्या- 123/2016/2904/71-2-16-जी0एन-02/2014 दिनांक 14 अक्टूबर, 2016 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत आयोजनागत पक्ष में संस्थान के कार्मिकों के वेतन भुगतान हेतु 31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) मद में प्राविधानित पूर्ण धनराशि रू0 25.00 करोड के सापेक्ष रू0 02,50,00,000/- (रूपया दो करोड पचास लाख मात्र) तथा अन्य आवश्यक व्ययों के वहन हेतु 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) मद में प्राविधानित धनराशि रू0 25.00 करोड के सापेक्ष धनराशि रू0 02,50,00,000/- (रूपया दो करोड पचास लाख मात्र) को निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0/डाकघर/बैंक में नहीं रखी जायेगी।
2. स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार एवं व्यय नियमानुसार किया जायेगा तथा इसका उपयोग उसी मद में किया जायेगा जिसके लिए यह धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किसी अन्य मद में व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
3. वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2016 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
4. स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा, इसके अभाव में अनुदान की आगामी किश्त निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा।

2- धनराशि को कोषागार से संस्थान के वित्त अधिकारी/वित्त नियंत्रक द्वारा आहरित किया जायेगा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0371-चिकित्सा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा की स्थापना-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) से रू0 02,50,00,000/- तथा 31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) से रू0 02,50,00,000/- की धनराशि" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के आदेश संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च, 2016 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिहित किये गये अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(डा0 अनिता भटनागर जैन)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या- 08/2017/5257(1)/71-2-16-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा।
5. वित्त अधिकारी, रा0आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा।
6. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
8. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 ।
9. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन ।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(नीलेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।